PRIME MINISTER'S OFFICE; THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS; AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI PRITHVIRAJ CHAVAN): Sir, I beg to move:

That the suspension of Shri Subhash Prasad Yadav from the service of the House with effect from 9th March 2010 for the remaining part of the current Session be terminated.

The question was put and the motion was adopted.

GOVERNMENT BILLS

The Cost and Works Accountants (Amendment) Bill, 2010

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS (SHRI SALMAN KHURSHEED): Sir, I move for leave to introduce a Bill further to amend the Cost and Works Accountants Act, 1959.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI SALMAN KHURSHEED: Sir, I introduce the Bill.

The Chartered Accountants (Amdnement) Bill, 2010

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS (SHRI SALMAN KHURSHEED): Sir, I move for leave to introduce a Bill further to amend the Chartered Accountants Act, 1949.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI SALMAN KHURSHEED: Sir, I introduce the Bill.

The Company Secretaries (Amendment) Bill, 2010

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS (SHRI SALMAN KHURSHEED): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Company Secretaries Act, 1980.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI SALMAN KHURSHEED: Sir, I introduce the Bill.

DISCUSSION ON WORKING OF MINISTRY OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION

श्री अवतार सिंह करीमपुरी (उत्तर प्रदेश) : थैंक्यू सर। आज एक बहुत ही important Ministry, Ministry of Housing and Urban Poverty Alleviation की working के ऊपर जो, discussion है, उसकी शुरुआत करने के लिए आपने मुझे जो समय दिया, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। आज हम देखते हैं कि जो urban

population 2001 में 28.61 परसेंट थी, वह 2011 में बढ़कर 32 करोड़ होने जा रही है और 2021 में इसके 53 करोड़ होने का अंदाजा है। यह population का बहुत बड़ा challenge है, जो urban areas के ऊपर नजर आ रहा है। इसका कारण यह है कि आज तक इस देश में हमारी जो सरकार बनी, उसकी जो नीति रही है, वह गांवों के विरुद्ध रही है। गांवों में quality of education, health services, transport, power supply, जो facilities की lacking है, उसकी वजह से दो तरह के लोग urban area की तरफ जा रहे हैं। एक वे हैं, जो महसूस करते हैं कि गांवों में basic facilities नहीं हैं। उनके पास साधन हैं, इसलिए वे गांव छोड़ कर शहर की तरफ जा रहे हैं। दूसरे वे हैं, जो इस देश में सामंतवादी आतंकवाद के शिकार हैं। साधन सम्पन्न और साधनहीन, दो तरह के लोगों का urban area की तरफ flow है। 11th Five Year Plan में यह अंदाजा लगाया गया कि housing की दिशा में हमारी requirement 3,61,318 करोड़ है। हम देख रहे हैं कि हमारे देश की सरकार ने slum free भारत बनाने का संकल्प भी अपने प्रोग्राम में दर्शाया है। कौन लोग हैं, जो slum में रहते हैं? हमारा मानना है कि हमारे देश में 3 किस्म के शरणार्थी हैं। पहली किस्म के शरणार्थी वे हैं, जो भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के समय पाकिस्तान से उठ कर आए। उनको हमारे देश की सरकार ने संभाला।

दूसरी किस्म के शरणार्थी वे होते हैं, जब भारत की किसी भी स्टेट में टैरिरिस्ट एक्टिविटीज़ बढ़ती हैं और उस समय उस एक्टिविटी के शिकार लोग अपने स्टेट को छोड़कर आते हैं। सरकार उनके लिए भी नीति बनाती है। जैसे पीछे कुछ लोग जम्मू-कश्मीर को छोड़कर आए, किसी समय कुछ लोग पंजाब छोड़कर आए थे, कुछ और भी ऐसे दूसरे स्टेट्स हैं, जिन्हें छोड़-छोड़ कर लोग शहरों की तरफ आए।

तीसरी किस्म के शरणार्थी वे हैं, जो सामंतवादी आतंकवाद के शिकार हो कर गांव छोड़ते हैं। सरकार के मुताबिक तो उनकी पॉपुलेशन कम है, क्योंकि दुनिया वालों को मुंह दिखाने के लायक रहने के लिए भी कई बार सरकारी आंकड़े कम करके दिखाए जाते हैं। हमारे मुताबिक, जो लोग सामंतवादी आतंकवाद के शिकार हो कर शहरों में आ कर रह रहे हैं, उनकी पॉपुलेशन करीब 12 करोड़ है। अभी कुछ दिन पहले भी हमने देखा कि हरियाणा के हिसार जिले में सामंतवादियों ने दलितों के 16 घर जला दिए। इस दुर्घटना में एक बाप और एक बेटी को जिंदा जला दिया गया और साथ ही एक अन्य की भी मौत हुई एवं लगभग 20 लोग अभी हॉस्पिटल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। इससे पहले भी अलग-अलग प्रदेशों में ऐसी सामंतवादी घटनाएं होती रही हैं। अभी कुछ ही दिन पहले पंजाब के भटिंडा जिले में, तलवंडी साबो सब डिवीज़न में भगवान पुर गांव में दलितों के घरों को तोड़ा गया और उनको तोड़ने के बाद सामंतवादियों के ऊपर मुकदमा कायम हुआ। मुकदमा कायम होने के बाद जिले के डिप्टी कमिश्नर ने दोबारा घर बनाने के लिए, इन 12 घरों के लिए, 1,25,000 रुपए का एमाउंट मंजूर किया, जिसमें से किसी को 10,000 रुपए दिए गए, किसी को 15,000 रुपए दिए गए। जब 24 तारीख को उन्होंने अपने घर बनाने शुरू किए, तो लोकल पुलिस ने वहां जाकर सामंतवादियों को प्रोटेक्शन दिया और दलितों के ऊपर दफा 307 के तहत सरकारी काम में विघ्न डालने का मुकदमा लगा दिया गया, साथ ही औरतों, बच्चों एवं बुजुर्गों को जेल में फेंक दिया गया। ऐसी सामंतवादी घटनाएं देश के कोने-कोने में होती रहती हैं और हमारी सरकारें सामंतवादियों की पीठ थपथपाती नजर आती है, जिसके कारण गांवों की आबादी शहरों की तरफ आती नजर आ रही है।

जब वे गरीब लोग शहरों में आकर रहते हैं, तो उनके पास संसाधन नहीं होते, पैसा नहीं होता इसलिए वे झुग्गी-झोंपड़ी में रहने के लिए मजबूर हो जाते हैं और ऐसे में उनकी तरफ सरकार का कोई नजरिया, कोई नीयत या कोई नीति नहीं होती है। आज भी हमें यह सब देखने को मिल रहा है। 12 फरवरी, 2010 को दिल्ली के हाई कोर्ट ने भी सरकार को यह आदेश दिया कि दिल्ली में स्लम्स में रहने वाले जो लोग हैं, उनको बसाने का प्रबंध किया जाए। कॉमन वेल्थ गेम्स के नाम पर हमारी सरकार दुनिया को यह दिखाना चाहती है कि हमारा देश भारत ही सबसे अच्छा देश है। लेकिन दुनिया के सामने भारत का अच्छा नक्शा पेश करने के लिए झुग्गी-झोंपड़ी वालों को अच्छे आल्टरनेटिव हाउस बनाकर नहीं दिए जा रहे हैं, बल्कि उनको वहां से उजाड़ने की नीति बनाई जा रही है।

हम माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहेंगे कि हम दुनिया को अच्छे लगें, यह तो सही है, लेकिन हम वास्तव में भी अच्छे हों, इस देश में कुछ ऐसा इंतजाम करने का कार्य भी करना चाहिए। अगर हम केवल दुनिया को अच्छे लगने के लिए इस देश के 12 करोड़ लोगों को अपरूट करेंगे और उनका कोई सही इंतजाम नहीं करेंगे, तो वह इस देश के अंदर एक बहुत बड़ी पॉपुलेशन में फ्रस्ट्रेशन क्रिएट करने का कार्य होगा और जो एंटी नैशनल लोगों को बहुत बड़ा पोटैंशियल प्रोवाइड करेगा, जिसे वे देश के विरुद्ध भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

इसलिए हमारा यह कहना है कि housing की जो requirement है उसके accordingly सरकार को बजट में और बढ़ोत्तरी करनी चाहिए। मैं समझता हूं कि Planning Commission की जो expectations हैं, उनके मुताबिक कोई तैयारी, कोई provision of budget हमें नहीं नजर आ रहा है। आदरणीय मंत्री जी को हमारी यह suggestion है कि कोई ऐसा master plan बनाया जाए जिसमें पहले तो यह identify किया जाए कि हमारे पूरे देश में कितने towns या cities हैं और उनमें कितने लोग ऐसे हैं जिनके पास अपना घर नहीं है तथा झुग्गी-झोंपड़ी में रह रहे हैं। तब उनके लिए एक special master plan बनाया जाए जिससे हम उनको कम-से-कम घर जरूर दे सकें। सरकार आज Food Security Bill लाने की तैयारी कर रही है। मैं समझता हूं कि Food Security Bill लाने से पहले हमारी सरकार को शौचालय सेक्योरिटी बिल लाना चाहिए। शौच के लिए लोग कहां जाएं? हम यह तो कह रहे हैं कि लोग open में न जाएं, लेकिन वे कहां जाएं, उसका कोई विकल्प या उसका कोई समाधान नहीं है। हमारे देश की बदकिस्मती यह है कि हमारे देश में जो लोग नक्सली हो गए हैं उनके आगे हम घुटने टेक रहे हैं। हम उनको कह रहे हैं कि आप हथियार फेंको, हम आपको rehabilitate करेंगे। इसी सैशन में रेलवे मिनिस्टर ने बताया कि हमारी 5सौ करोड़ की सम्पत्ति को अभी-अभी उन लोगों ने जलाया है। इस प्रकार इस देश में ऐसी जो movements हैं, उनके लिए तो हम हजारों करोड़ रुपए रख रहे हैं, लेकिन जो लोग ईमानदार और दयानतदार नागरिक बनकर जीवन जीना चाहते हैं, उनके लिए हमारे पास कोई सार्थक या constructive programme नहीं है जिसके कारण हमारा बड़ा भारी नुकसान हो रहा है। इसलिए मंत्री जी को हमारी यह सजेशन है, हम उनसे यही कहना चाहेंगे कि सरकार एक ऐसा मास्टर प्लान बनाए जिसके माध्यम से सरकार के पास exact figures हों कि हमारे पास कितने बेघर लोग हैं और उनको हम कितने समय में time bound करके घर उपलब्ध करवा सकते हैं। हम यह भार स्टेट्स पर डालते

जाएंगे कि इस काम को स्टेट्स करें, लेकिन स्टेट्स के पास उतने फंड्स नहीं हैं। जब हम स्टेट को फंड देते हैं तो हम बड़ा अहसान जताते हैं। चाहे स्टेट बार-बार डिमांड करे, हम उसकी डिमांड पर ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन जब हम स्टेट से लेते हैं तो इसे हम अपना हक समझ कर लेते हैं कि हम देश को चलाते हैं, हमारा संघीय ढांचा है। इस तरह हम स्टेट से लेने के हकदार तो हैं, लेकिन उनको देना अपनी मरजी से है। जहां देना चाहो दो और जहां देना न चाहो नहीं दो। हमारा इसमें यही कहना है कि एक master plan बनाकर इसके लिए एक effective योजना बनाई जाए, ताकि हम उन 12 करोड़ लोगों को भी इस देश में एक आम शहरी की तरह जीने का एक मौका दे सकें।

सर, इसके आगे हमारा जो विषय है, उसमें urban poverty alleviation भी है। शहरों में जो गरीबी या poverty है, उसके लिए हमारे पास क्या प्लान है? हमने यह देखा है कि हमने उनके नाम बड़े अच्छे रखे हैं। मैं उन नामों की चर्चा नहीं करता। हमारे पास जितने गांधी या नेहरु हैं, सब के नाम पर हमने कोई-न-कोई योजना चला रखी है। हर गांधी को हमने गरीबी के खात्मे के लिए आगे लाने की कोशिश की है, लेकिन बदकिस्मती यह है कि हर गांधी के नाम पर चलाई हुई ऐसी स्कीम गरीबी को खत्म करने में नाकाम साबित हुई। हम कहना चाहेंगे कि जो नरेगा है, अब उसका भी नाम बदल गया है, उसके आगे भी अब गांधी जी आ गए हैं। नरेगा का नाम कुछ भी हो, उसमें कमियां हैं। उसके अंतर्गत grassroot पर implementation के लिए और उसके अंतर्गत daily wages पर जो कार्य दिया जाता है तथा उसके बदले में जो दिया जाता है उसमें भी अभी बहुत बड़े सुधार की जरूरत है, परन्तु हम आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री जी से यही कहना चाहेंगे कि ये योजनाएं शहरों में भी लागू की जाएं। शहरों के जो गरीब हैं, शहरों के जो बेरोजगार हैं, उनके लिए भी ऐसी योजना, चाहे उसके लिए भी आप कोई और गांधी ढूंढ लें या कुछ भी कर लें, लेकिन शहरों के गरीबों के लिए भी कोई-न-कोई ऐसी योजना लागू की जाए जिससे वह वास्तव में अपना जीवन जी सकें।

इसके अलावा, जहां तक अर्बन डेवलपमेंट की बात है, हम शहरों में डेवलपमेंट करते हैं। हमारे देश की सरकार यह कहती है कि हमारे पास ज्यादा आर्थिक-साधन नहीं हैं, लेकिन अर्बन डेवलपमेंट की प्लानिंग क्या होती है? हम पहले सड़क बनाते हैं और जब एक बार सड़क बन जाती है तो 6 महीने बाद हम उसको दोबारा उखाड़ते हैं। फिर हम उसके नीचे टेलीफोन के तार डालते हैं तो उसकी थोड़ी-बहुत मरम्मत हो जाती है। उसको हम फिर उखाड़ते हैं और उसके नीचे सीवरेज डालते हैं। अब तो यह कहा जाता है कि कुछ शहरों में उसके नीचे चौथी बार बिजली की लाइन भी डालेंगे। ...(**समय की घंटी**)... मैं यह समझता हूं कि दुनिया के जो विकसित देश हैं, वे भी बड़े मुश्किल से एक बार सड़क बना पाते हैं, हम तो अभी विकासशील कहलाते हैं और हम तीन-तीन, चार-चार बार सड़क बनाते हैं! यह हमारी कैसी दूरदृष्टि है? यह हमारी कैसी अर्बन डेवलपमेंट की प्लानिंग है? हम यह कहना चाहते हैं कि ऐसी प्लानिंग लागू की जाए कि हमें कम से कम एक बार सड़क बनानी पड़े। उससे पहले अगर सीवरेज, टेलीफोन या कहीं बिजली की लाइन डालनी है...

श्री उपसभापति : करीमपुरी जी, अब आप समाप्त कीजिए। यह अर्बन डेवलपमेंट नहीं है, यह अर्बन पॉवर्टी एलिविएशन है। हम अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्ट्री के ऊपर डिसकस नहीं कर रहे हैं।

श्री अवतार सिंह करीमपुरी : हम अर्बन डेवलपमेंट की बात नहीं करते हैं, लेकिन अर्बन पॉवर्टी को डिसकस करते हैं। अर्बन और पॉवर्टी जुड़ा हुआ है।

श्री उपसभापति : यह हाउसिंग और अर्बन पॉवर्टी एलिविएशन है। ...(**व्यवधान**)...

एक मनानीय सदस्य : नोएडा के स्टेच्यू के बारे में डिसकस करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री अवतार सिंह करीमपुरी : नोएडा के स्टेच्यू के बारे में भी डिसकस करेंगे। ...(**व्यवधान**)...

डा. अखिलेश दास गुप्ता (उत्तर प्रदेश) : सर ...(**व्यवधान**)...

श्री अवतार सिंह करीमपुरी : अगर नेहरू म्यूजियम के कॉस्ट को देखा जाए तो सारे स्टेच्यू उसके बराबर नहीं होंगे, जो आपने उस जगह पर लगा रखे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आप सब्जेक्ट पर बोलिए।

श्री अवतार सिंह करीमपुरी : हम यह कहते हैं कि शहर में जो सफाई कर्मचारी हैं, क्या मंत्री जी ने कभी यह अध्ययन कराया है कि ऐसे कितने सफाई कर्मचारी हैं जो सीवरेज में उतरे और फिर वे वापस बाहर नहीं आये? यह पॉवर्टी से जुड़ा हुआ मुद्दा है। इसमें कुछ ऐसा बंदोबस्त किया जाए कि कम से कम सफाई कर्मचारी को सीवरेज के अंदर न उतरना पड़े। उसके लिए हमें modern equipments available करवाने चाहिए। यह बहुत बड़ी ज्यादती है। यह मानव के साथ बहुत बड़ा अन्याय है कि हम उसको मजबूर करते हैं कि आप इसके अंदर जाओ और बाहर आओ या न आओ, यह हमारी गारंटी नहीं है।

पॉवर्टी एलिविएशन के लिए हमारा यह कहना है कि आपने किसानों का करीब 70 हजार करोड़ कर्जा माफ किया है। यह बड़ी अच्छी बात है और उस पर हमारा कोई किन्तु-परन्तु नहीं है, अगर आप उसे 80 हजार करोड़ कर दीजिए तो हम आपको appreciate करेंगे। परन्तु, हम आपसे यह कहना चाहते हैं कि जिसके पास जमीन नहीं है, क्या आपने उसके 70 पैसे माफ किये? जब आप वोट मांगते हैं तो आप "हमारा हाथ गरीब का साथ" कहकर डिमंाड करते हैं और बाद में वह हाथ गरीब का खून निचोड़ता है। इसे देश के बजट में गरीब के लिए क्या contributions हैं? जो बीपीएल परिवार हैं, उनको भी आप टैक्स से क्षमा नहीं करते हैं। आप उनसे भी पैसा collect करते हैं, लेकिन वापस उनको नहीं देते हैं। हमारा यह कहना है कि छोटे-छोटे शहरों में रेहड़ी-ठेले वाले जो लोग कार्य करते हैं, वे भी लोन लेते हैं। वे लोन लेकर अपना कार्य चलाते हैं। सरकार को उनका ऋण माफ करने की नीति भी बनानी चाहिए। हमें किसानों को और देना चाहिए, लेकिन जो गरीब अर्बन एरियाज़ में रहते हैं या चाहे वह रूरल एरियाज़ में हों, उनके कर्ज को माफ करने की नीति भी हमें जरूर बनानी चाहिए। शेडयूल्ड कास्ट्स, शेडयूल्ड ट्राइब्स और ओबीसी के जो लोग हैं, उनके लिए तो स्पेशल प्लान बने।

उनका जो कर्ज़ा है, उसे माफ करने के लिए स्पेशल प्लान होना चाहिए। उनको घर देने के लिए, उनके लिए शौचालयों का इंतजाम करने के लिए ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : करीमपुरी जी, आपका समय समाप्त हो गया है।

श्री अवतार सिंह करीमपुरी : अभी तो मेरे बहुत से सजेशंस बाकी हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : देखिए, आपकी पार्टी का alloted time 10 minutes है, चूंकि आप initiator हैं, इसलिए हम आपको 10 मिनट ज्यादा दे रहे हैं। आप सामने स्क्रीन पर देखिए, आपका समय समाप्त हो चुका है।

श्री अवतार सिंह करीमपुरी : मैं conclude कर रहा हूं। उत्तर प्रदेश में हमारी राज्य सरकार ने Taj Express बनाया है। अब urban development कब होगा? Urban development तब होगा, जब शहरों के नज़दीक एयरपोर्ट होंगे। हमारी राज्य सरकार ने एक एयरपोर्ट की डिमांड की है। यहां दिल्ली एयरपोर्ट के ऊपर एक-एक घंटे तक हवाई जहाज़ घूमते हैं और उसमें हम करोड़ों रुपए का तेल बर्बाद कर देते हैं।

श्री उपसभापति : इसका जवाब मंत्री महोदया नहीं दे सकती हैं।

श्री अवतार सिंह करीमपुरी : वे बेशक जवाब न दें, लेकिन वे इस मामले को Civil Aviation Minister के साथ जरूर उठाएं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : हम लोग यहां जो विषय डिस्कस कर रहे हैं, आप केवल उसके बारे में बात कीजिए ...(**व्यवधान**)...

श्री अवतार सिंह करीमपुरी : मैं उसी विषय के बारे में बात कर रहा हूं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : नहीं, यह poverty alleviation नहीं है ...(**व्यवधान**)...

श्री अवतार सिंह करीमपुरी : जब शहर विकसित होंगे, तभी poverty alleviation होगा। शहरों को विकसित किए बिना, आप poverty को alleviate नहीं कर सकते। इसलिए मेरा यह कहना है कि उत्तर प्रदेश की सरकार आपसे एयरपोर्ट की डिमांड कर रही है, आदरणीय मंत्री जी, आप हमारी यह डिमांड अवश्य ही Civil Aviation Minister के सामने उठाएं और आदरणीय Prime Minister से request करें कि यह एयरपोर्ट हमें दिया जाए। इसका दिल्ली के डेवलपमेंट में भी बड़ा योगदान होगा और हम इसके लिए आपसे कोई पैसा नहीं मांग रहे हैं ...(**व्यवधान**)... मैं बिल्कुल subject पर ही concentrate कर रहा हूं, क्योंकि overall development ही poverty को खत्म करने का माध्यम बन सकता है। आप poverty को खत्म करने के लिए कोई जंतर-मंतर की पुड़िया नहीं दे सकते हैं कि इसे सुबह-शाम खा लिया करो, इससे तुम्हारी poverty खत्म हो जाएगी। यह दवा तो आप 60-65 सालों से दे रहे हैं। आपकी नीति फेल है। इसलिए मैं तो आपको सजेस्ट कर रहा हूं कि हमारे सजेशंस सुनिए और उनको मानिए। अगर आप इन्हें मानेंगे, तो इस समस्या का कुछ समाधान होगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

डा. अखिलेश दास गुप्ता : मैं केवल एक सुझाव देना चाहता हूं। माननीय शैलजा जी, Urban Poverty Alleviation Minister हैं। Urban poverty तभी दूर होगी, जब इनके पास Urban Development विभाग भी हो। चूंकि दोनों inter-conntected हैं, इसलिए इनके पास additional विभाग भी होना चाहिए।

DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN (Tamil Nadu): Sir, the Ministry of Housing and Urban Poverty Alleviation is a very important Ministry. Also, it is a very complicated Ministry. I am happy that we have a very young and dynamic Minister in Kumari Shelja. Immediately after becoming the Minister, she formulated a new policy in 2007 itself. On the basis of that policy many things have been done by UPA-I and UPA-II is also following the same. Sir, I shall quote from a speech made by the President of India in 2009. She said, and I quote, "The scheme for affordable housing through partnership and the scheme for interest subsidy for urban housing would be dovetailed into the Rajiv Gandhi Awas Yojana which would extend support under the JNNURM to States that are willing to assign property rights to people living in slum areas."

"My Government's efforts would be to create a slum-free India in five years through the Rajiv Awas Yojana". It is followed by the speech of the hon. Prime Minister, Dr. Manmohan Singh on 15th August, 2009. In his Address to the Nation on 15th August, 2009, he said, "We had started the Jawaharlal Nehru National Urban Renewal Mission for the urban areas. We will accelerate this programme also. Today lakhs of our citizens live in slums, which lack basic amenities. We wish to make our country slum-free, as early as possible. In the next five years, we will provide better housing facilities to slum dwellers through a new Scheme, Rajiv Awas Yojana". These are the focused aspects of the development which are taken by the UPA Government.

Sir, we know very well that the population of India is increasing every minute. Now, we are having a population of 1025 million. Out of that, 28 per cent of the people are living in urban areas. Also, 55 per cent of the total population of the urban areas are living in slum areas. So, today, we are facing such a huge problem. Sir, the migration from rural areas to urban areas had started even before the Independence. But, after the Independence, it started with high hope because the urban areas were developing at a fast rate. Therefore, the people thought that they can go there for better job opportunities. Subsequently, in every Five Year Plan the Government of India has planned

everything properly. Whenever they come forward with any new project, they find it proper that whoever gets the job should have the housing facility also in and around the place where he is working. That was the planning made in the initial stages of the Five Year Plans. And, subsequently, when large numbers of people were coming towards urban areas and slums started to come up, the Government of India started to have various schemes for the low-income groups and the economically weaker groups. So, these are all things which started to work but the degree in which these works were implemented and the degree in which the migration has started towards urban areas is much, much larger which cannot be compensated.

Sir, we have to compare ourselves with China. China had never thought that economy-wise it will have such a huge potential in urban areas, but they thought about it well in advance. I could visit China as a Delegation of the Members of Parliament. We discussed it with the topmost persons who were planning it - the Mayor of Xian City and also at Beijing, Shanghai and everywhere. They constructed buildings with 100 floors, 120 floors and 200 floors. They openly said, "We allow the rural area people to come to urban areas, and we allow them to have the skill development. Millions of people are needed for urban development, for laying roads, for making bridges, for putting new railway stations, and putting airports, etc. Therefore, we are allowing them to come out. We are wooing them towards urban areas. Similarly, we are also giving them minimum facility of owning a house as a proud property of them." This is the Chinese aspect. But, they have faced this situation only in the last 10 years. We started our own programme in a much planned way, and we allowed the slums being properly looked after and the basic necessities are provided there. But, at the same time, what happened is this. The implementing agencies have to have the dynamism to do it within a particular period. The Government of India is pumping money every year, but it has to be executed by the State Governments, more so, by all the Nagarpalika system which was initiated by Rajiv Gandhiji. He amended the Constitution to give more rights to urban areas. Now, the Nagarpalika system is being followed.

(THE VICE-CHAIRMAN, **PROF. P.J. KURIEN** in the Chair)

So, now they can decide in which way they can remove the slums. They can build up new houses. They can make the people happy by having better water facilities, sewage system, roads, schools, medical facilities, etc. So, everything can be planned by the Nagarpalika system.

And the Constitution also is allowing it as a third tier of the system of governance. But, unfortunately, everywhere the Nagarpalika system is failing because of non-participation of the civil

society as also the people who are elected to that system. They feel that it is not their work, that it is the work of somebody and that the Government gives money and they only have to spend it through contractors. Hence, they are not worried about it. Ten years after constructing a huge housing scheme, it becomes unusable. This is happening in every city. Therefore, it is high time to create an awareness among the elected representatives and the civil societies that it is the taxpayers' money that is spent for a purpose and that we need to participate in that and protect the public assets which are created by the taxpayers' money. Therefore, Sir, if that aspect is built in them, then very clearly we can say that the President of India's address is very focused. She clearly told that the creation of assets is the main thing, on which we are working. I am just quoting what she said, "To assign the property rights to the people living in slum areas..." This aspect can be implemented only by a very dynamic Nagarpalika system. They have to have a better coordination with the State Governments, they have to find out the land availability; if the land availability is very low, then they have to go in for skyscrapers and give all the facilities in it. Such facilities are available in big private sector housing schemes. Now, 10,000 or 20,000 houses are constructed in one new colony, yet they are giving all facilities in that. At the same time, when the urban development scheme is done through an agency of the Government, we will find that a totally different quality is given by all contractors.

Therefore, Sir, it is high time to see to it that the people who are the beneficiaries also have a participation in all the schemes. Now, we are giving excellent schemes to the public. We are not only giving houses but also providing employment opportunities. If a person wants to have self-employment, we are giving an aid to the extent of Rs.2 lakh with a very, very minimum rate of interest; moreover, when the UPA came to power, the subsidy amount has been increased from Rs.25,000 to 50,000 to the self-employed people. There are many self-employed people. They are utilizing that amount.

Similarly, we are giving a lot of schemes in the name of skill development. We are allowing them to acquire skill even though they pass out just eighth standard or tenth standard examination. They can choose from the available skills for a suitable job. The Government of India is offering various schemes to every section of the people like the Scheduled Castes, to the weaker sections of the society.

Moreover, after the Prime Minister, Dr. Manmohan Singh came to power, Soniaji has given avenues to every section. The minorities are also focused. The minorities are given more importance.

Wherever their population is concentrated, they are given importance. Even in the Budget it was announced that wherever there is a concentration of minority population a nationalized bank branch would be opened for them, exclusively for the minorities. Such are the schemes the Government is offering. But, how much are they being utilized? We must ask ourselves: Are we focusing on the dissemination of the availability of schemes offered by the Government of India? Similarly, Sir, there are other schemes coming up, like the self-help groups. Huge number of female workers is available.

Sir, you know very well that earlier the rural folk used to come with their entire family members when the off-season started. After the harvest was over, they used to come in large numbers - with small children in their arms; the number may be 20, 30 or even 100. They used to come to the urban areas. They did not have any facilities for their living. They used to come depending solely on their legs and arms. They were having only the physical stamina to work. We have many laws in order to protect and take care of them. But, how are they implemented? How is the Nagarpalika system coordinating in that effort? They are coming only for the wage-earning.

They feel that within that three months period of off-season, they can earn Rs.5000 or Rs.10000 as a bulk amount so that when they go back, they can start their agricultural work. That is the attitude with which they come to the urban areas. Fortunately, Sir, even though we are having so many schemes in the last three Five Year Plans giving guarantee to the people in the rural areas that they will be assured of their income, but none of the things could be done properly because the Executive was having so much of power to see that what type of work to be given and to whom it should be given. Madam Soniaji has made it possible by making the UPA Government to enact a law guaranteeing the rural poor of getting job, assured job and the amount has been increased from Rs.80 to Rs.100. In certain States, they are giving even more, Rs.150. It is because of this reason that the rural population is withholding itself from migrating to the urban areas. That is one of the best strategies that we are following in India because most of the people who are coming to the urban areas, they are in search of jobs. So, the first aspect is like that. Another thing is that we are having a joint family system even in the villages. Though the joint family system in the middle and upper middle

classes is broken, but at the lower level even now they are having joint family system. Therefore, when they migrate from one place to another, they move with a feeling that they should take even elderly people and children also with them because they have to be protected. That type of attitude is there among the Indians, more so among the rural Indians. So, they are coming with entire family to the urban areas. Then the problems start because old people have to be looked after, their health is to be looked after, they may not have the potentiality of getting employment and other things, children may not have access to the education, etc. Fortunately, the UPA Government has come forward that both to the rural and urban poor, wherever it is possible, a Fundamental Right is given for education. They can also join the best schools if they show the merit. In such a situation, Sir, the UPA Government is also having a comprehensive programme of giving health insurance to these poor people. If they are paying Re.1 per day for one year, Rs.200 will be subsidised by the Central Government and this amount is sufficient to get a health insurance of Rs.35000. If the same people give more, then, automatically, they are given health protection insurance of Rs.1 lakh. Many of the States are coming forward and I can give the example of Andhra Pradesh. When Y.S. Rajasekhara was the Chief Minister, he launched pioneer programmes in various sectors of urban areas. When the Government of India proposed that the housing scheme needs to be implemented and proposed that 80 per cent will be given by the Central Government and 20 per cent will be the participation of the State Government, many of the States even could not afford to pay that 20 per cent. But YSRji did it. He made Indiraamma Housing Scheme. You can see mighty buildings in the urban areas of Andhra Pradesh. They have given the scheme of Arogyashri '108'. For the past four years they have been having this health scheme. Wherever they are, if they just phone up, an ambulance would come and they will be admitted in one of the high level, sophisticated hospitals and super speciality facilities will be given even to a small man in the urban area or rural area. Therefore, their budget is of more than Rs.1500 crores which they have to spend. They are actually helping the ordinary people. For four or five years, it has been in operation. Now the Tamil Nadu Government is also following this example. They are having their own system of health insurance scheme. They are coming with an insurance of Rs.1 lakh while the Andhra Government is coming forward with an insurance of Rs.2 lakh. In Tamil Nadu, they have certain proposition with regard to certain diseases which are covered which is something different form Andhra Pradesh. I could find it when I made a study on this subject. Similarly, with regard to housing scheme, the Central Government is giving money. The Government

of Tamil Nadu is using it properly and in the urban area they have Periyar Housing Scheme where all types of people can live together without any caste or religious discrimination.

Similarly, I find they have done a lot of schemes like that in Andhra Pradesh for the past five years. Sir, these are the examples which show that if the State Government has got a will to do and the urban elected body has the will to do, they can achieve it. We can find out how much they are spending every year for habitation alone from the target which was made in China. Chinese real estate development was started in 1999. They are spending 48.43 billion US dollars. Similarly, they are now having 480 to 549 million square metres of built up area. They are having 5.23 billion to 5.91 billion square feet of new residential houses. Similarly, India is also having its own projection. They have got their own better habitat with million plus cities. Now, within 20 years, India has come to 26.8 per cent cities which are having more population. By 2001-2035, they feel the projection will be 37 per cent. Urban area employment generation will be increased to 19.3 million and rural population will have five million employment opportunities. The female workers' ratio is now increasing in India. Similarly, Sir, we can very well say that we have got very clear plan of how economically weaker sections can be helped. According to the 61st Round of NSSO calculations, we are going to have 4.4 million people under the economically weaker sections who need affordable housing schemes and LIG scheme will also be implemented by the Government of India. The urban population is now classified as: if 5000 persons are living within a particular one square kilometre or 400 persons are living, then they are classified as urban area. Therefore, plenty of urban areas are coming up, but, infrastructure needs to be compensated by proper planning at the State level. But the UN-HABITAT has got a projection that the adult population has to be looked after. Every calculation was made only in 2001 census. Subsequently, we have passed through ten years. Lots of changes have come up. With regards to economic growth, we are going through a super-sonic speed. Many of the people are coming to urban areas. Upper middle class level people who have been educated, graduated, master degree holders, technically educated people are coming towards urban areas. The lower strata of people are looked after by the Employment Guarantee Scheme. Many of the schemes are given to the rural areas. But, the rural areas need the scale of development for employment opportunities by having more industries, more industrial ventures, more of the software parks put up in the rural areas. Allowing it to mushroom within the urban areas will not help the scale of

development. Therefore, the holistic pattern of development has to be looked after. I am very happy, Sir, that the Ministry is working very well. Very dynamic Minister will have many more programmes in future but the coordination between the State Government and the *Nagar Palika* system is much more needed with the civil society's appreciation of it.

श्री प्रभात झा (मध्य प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा प्रारम्भ हुई है। सुदर्शन जी कांग्रेस की तरफ से बोल रहे थे और उन्होंने सात बार गांधी परिवार का नाम लिया। एक व्यापारी थे और उस व्यापारी के घर 12 बच्चे थे, तो उसके छोटे बच्चे का नाम राम-राम था। मैंने उससे पूछा कि तुमने इस बच्चे का नाम राम-राम क्यों रखा है। उसने कहा कि दिन भर भगवान का नाम नहीं ले पाता हूं, क्या करूं, इसलिए इसको जितनी बार बुला लेता हूं - राम-राम इधर आओ, राम-राम पानी लाओ, राम-राम इधर बैठो, उतनी बार भगवान का नाम ले लेता हूं। ऐसे ही यह आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय का मुख्य काम हो गया है योजनाओं का नाम राजीव गांधी, अन्य लोगों के नाम से, गांधी परिवार के नाम से रखो - वैसे तो उनको याद नहीं कर सकते, लेकिन इसी बहाने राम-राम की तरह इन्हें याद करो। मुझे लगता है कि यह सबसे बड़ा उपयोग उनका है। ...(**व्यवधान**)... मुझे लगता है कि 50 वर्षों तक यह मंत्रालय अब समाप्त होने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि देश की आबादी और देश की गरीबी तथा देश में आवास की कमी निरंतर बढ़ती जा रही है। हो सकता है कि शैलजा जी बदल जाएं, अन्य मंत्री आ जाएं, अन्य सरकार आ जाए, लेकिन यह मंत्रालय रहेगा, क्योंकि लाल किले की प्राचीर से और राष्ट्रपति के अभिभाषण में असत्य जो आंकड़े प्रस्तुत किए जाते हैं, वह देश के साथ * की जाती है। 1952 से लेकर 2009 तक प्रधान मंत्री के भाषणों को देख लीजिए, चाहे जो प्रधान मंत्री रहे हैं, तो ऐसा लगता है कि इस भारत को तो अमेरिका हो जाना चाहिए था। सुदर्शन जी कह रहे थे कि मैं चीन गया था और वहां के मेयर से बात की, उन्होंने ऐसा-ऐसा कहा। आप भारत के किसी शहर के मेयर से तो बात कर लीजिए। उसकी क्या हालत है? वह अपने नगरपालिका के कर्मचारियों को वेतन नहीं बांट पाता है। आपने 74वें संशोधन में उन्हें बहुत सारे अधिकार दिए हैं, उसके बाद भी ये सब बातें नहीं हो सकी हैं। अब बात आती है कि आप 1971 से नारा दे रहे हैं कि गरीबी हटाओ, गरीबी हटाओ, क्या गरीबी हटी है? आपको मंत्रालय बनाना पड़ा है। आप * किससे करते हैं, आम आदमी का हाथ, गरीबों के साथ, कांग्रेस का हाथ गरीबों के साथ, ये नारे आपके हैं, अपने ही घोषणा पत्र के साथ आपका जो यह * है, यह आपको माफ नहीं करेगा। आप हमेशा * करते हैं। ...(**व्यवधान**)... मनुष्य की आवश्यकता होती है, जिंदगी में हर आदमी एक सपना देखता है कि उसके पास एक घर हो और उसका जीवन गरीबी से मुक्त हो। इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण मंत्रालय है, लेकिन आंकड़ों की जुगाली से ही यह नहीं चलेगा, इसके लिए हौसला चाहिए, हिम्मत चाहिए और निर्णय लेने की क्षमता चाहिए। हमारी तीन मूल-भूत आवश्यकताएं

*Expunged as ordered by the Chair.

होती हैं - रोटी, कपड़ा और मकान। मकान की स्थिति क्या है, यह हम सब जानते हैं। अभी सुदर्शन जी कह रहे थे कि पलायन होना चाहिए। गांव खाली हो जाएंगे, तो आपके खेत को कौन संभालेगा? कृषि पर आधारित भारत की अर्थ-व्यवस्था है, अगर कांग्रेस के लोग यह कहते हैं कि पलायन ठीक हे, यह होना चाहिए, डेवलेपमेंट के कारण उनको आना चाहिए। शहर की गरीबी का मुख्य कारण है कि आपने प्रतिस्पर्धा पैदा कर दी है, चकाचौंध पैदा कर दी है, उसको देखकर गांव का आदमी सोचता है कि क्यों न वह गांव से शहर अपने पेट को भरने के लिए जाए और गांव को छोड़ देता है। गांव छोड़ने का मतलब संस्कृति छोड़ना है। गांव एक संस्कृति होती है, गांव कोई सामान्य चीज़ नहीं होती है और आप पलायन की हमदर्दी दिखा रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि पलायन नहीं होना चाहिए। शहरी गरीबी का मुख्य कारण पलायन है, जो गांव से लोग आते हैं, वे क्या-क्या नहीं करते हैं, उन्हें नालों के किनारे रहना पड़ता है। आप ट्रेन से चलते होंगे, क्या हालत रेलवे की है, पटरियों के किनारे आवास मंत्रालय देखा जा सकता है, वे खुली छत के नीचे कैसे रहते हैं। हम कितना असत्य बोलेंगे और कितना असत्य बोलते रहेंगे।

हर शहर में एक चौथाई स्लम पाया जाता है और स्लम की हालत क्या है, जरा जाकर देखिए। अगर एक बच्चा छोटी "अ" पर कुछ नहीं, बड़ी "आ" पर लठिया पढ़ रहा होगा, तो दूसरे के कमरे में आवाज जाएगी। हम स्लम की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे घोषणा पत्र में लिखा है मुक्त, झुग्गी मुक्त। आप मुक्त हो जाएंगे, जनता आपको मुक्त कर देगी, आप झुग्गी मुक्त नहीं कर सकेंगे। आप उनके लिए क्या कर रहे हैं? वहां पर शौचालय की क्या स्थिति है, वहां पर शिक्षा की क्या स्थिति है, वहां स्वास्थ्य की क्या स्थिति है, आपकी योजनाओं की क्या स्थिति है, वहां जाकर थोड़ा देखिए, तो सही। आपके कितने मंत्री स्लम एरिया में जाते हैं? क्या आप स्लम एरिया में देखने जाते हैं कि वहां पर लोगों की क्या स्थिति है? वहां पर गटर का पानी बह रहा है, नाले में कीड़े चल रहे हैं, वहां आपका आवास मंत्रालय रहता है, भारत का नागरिक रहता है और उस नागरिक को वही अधिकार है, जो एक वोट देकर आपकी सरकार बनाता है, एक वोट वह भी देता है, लेकिन उसकी नरकीय जिंदगी के प्रति इस सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं है। शैलजा जी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, जो आपने 2009 में शहरी गरीबों की रिपोर्ट दी है, उसमें बताया गया है कि 25 मिलियन आवास की आज भी भारत को जरूरत है, दो करोड़ 65 लाख मकानों की आवश्यकता है। आप इतने मकान कैसे बनायेंगे, आपके पास इसकी क्या योजना है? आपने घोषणा की थी, जैसे ही चुनाव आता है, तो इनके नारे सुनिए। शैलजा जी ने कितने बयान दिए हैं, शहरी गरीबों के लिए पांच लाख मकान बनाये जायेंगे, यह 2009 के चुनाव के तीन महीने पहले कहा। राजीव गांधी योजना में तीन साल में 25 लाख मकान बनाए जाएंगे, उनमें से कितने बने, आप बता दीजिए। भारत को झुग्गी मुक्त करने के लिए 25 लाख मकान बनाए जाएंगे, यह सब मैंने अखबारों से लिया है। सभी गरीबों को मकान के लिए कम दाम पर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी, मकान बनाना आसान होगा, ये लाखों, करोड़ों लोग झुग्गी और स्लम्स में क्यों रहते हैं, आप चुनाव के समय 2014 में ये कोरे वायदे फिर करेंगे। आपके पास जमीन नहीं है, मुझे लगता है कि आपको लोगों को इस नारकीय

जिंदगी से उबारने के बारे में उपाय सोचने चाहिए। आपकी भौगोलिक स्थिति क्या है? देश के शहरी क्षेत्र में कुल भौगोलिक क्षेत्र हैं 2.3 प्रतिशत, जबकि वर्तमान में इस क्षेत्र में देश की कुल आबादी का 30 फीसदी रहता है। देश की कुल आबादी 30 फीसदी कहां रहती है। 2.3 प्रतिशत क्षेत्र में। शहरी गरीबी की स्थिति क्या है, आपकी जितनी भी योजनाएं हैं, वे सभी फेल हो रही हैं। आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय की एक रिपोर्ट 2009 की है। उसमें लिखा है कि 2001 की जनगणना के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 28.5 करोड़ लोग रहते हैं। यह इस देश की कुल आबादी का 27.6 फीसदी आंकड़ा है। इस बढ़ोत्तरी की वर्तमान दर को देखते हुए 2030 में यह 57.5 प्रतिशत हो जाएगा और 57.5 फीसदी लोग शहरी गरीबी के क्षेत्र में रहने लगेंगे। यह मैं अपनी तरफ से नहीं कह रहा हूं, अपितु आपकी जनगणना के आधार पर कह रहा हूं। मैंने यह भी बताया कि दो करोड़ 65 लाख मकान चाहिए। मैं आपको एक उदाहरण दे रहा हूं। महाराष्ट्र के महार क्षेत्र में 3865 फ्लैट्स के लिए एक विज्ञापन निकला। उसके अनुसार सौ रुपए देकर फार्म ले लीजिए। उन 3865 फलैट्स के लिए 100 रुपए देने वाले लोगों की कितनी संख्या है? पांच लाख फार्म खत्म हो गए और सरकार ने पांच करोड़ रुपए इकट्ठे कर लिए तथा और पांच लाख फार्म छाप दिए। मकान देने हैं 3865 लोगों को और फार्म भरवा लिए पांच लाख लोगों से तथा और पांच लाख फार्म छाप दिए! आप पांच लाख फार्म और बेचकर, दस करोड़ तो ले ही लेंगे। आपको इस आंकड़े से अंदाजा लग सकता है कि इस देश में आवास की क्या स्थिति है? 3865 फ्लैट्स के लिए, दस लाख आवेदकों की लाइन में सौ रुपए देकर, एक दिन की ड्यूटी की नागा करके, लोग फार्म भरते हैं। यह आपके आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय की हालत है। यह आपकी महाराष्ट्र की रिपोर्ट है, जिसको मैंने आपके सामने रखने की कोशिश की है। एक सरकारी संगठन है, centre on housing rights and evictions. उसकी रिपोर्ट महत्वपूर्ण है। उसने कहा है कि इस देश में धनाभाव के चलते करीब 15 करोड़ लोगों के सिर पर आवास चाहिए। यह सरकारी सर्वे करने वाली एजेंसी नहीं है, प्राइवेट एजेंसी है। यदि टूटे-फूटे सब मकान जोड़ लें, तो 15 करोड़ शहरी लोगों के सिर पर मकान नहीं हैं। आप कल्पना कर सकते हैं कि कैसे उनकी रात बीतती होगी, बरसात में क्या हालत होती होगी, ठंड में क्या हालत होती रहेगी और गर्मियों में क्या हालत होती होगी, आप इसका अंदाजा लगा सकते हैं। आपने कई योजनाओं की बात कही है कि राज्य कुछ नहीं करते हैं। नेशनल सेम्पल सर्वे आर्गनाइजेशन NSHO ने भी कहा है कि 32 फीसदी भारतीय शहरियों के लिए आज आवास नहीं हैं। आगे देखिए, 17 करोड़ लोग झुग्गियों में रहते हैं। यह आपकी रिपोर्ट है। आप उनकी स्थिति की कल्पना करिए कि उनकी क्या स्थिति है, कैसे रहते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आपने उनके लिए शौचालय की कोई व्यवस्था की है? क्या उनके बच्चों के लिए पढ़ने-लिखने की व्यवस्था की है? जो सामान्य सुविधाएं होती हैं और जो हमें संविधान में एक सामान्य नागरिक के नाते दी गई है, क्या वहां पर उन सुविधाओं की व्यवस्था है? क्या राशन की दुकान है, केरोसीन की दुकान है, क्या गैस की एजेंसी है? वहां पर कुछ भी नहीं है। वहां पर कोई नागरिक सुविधा उपलब्ध नहीं है। आप कह रहे हैं कि सिविक सेंस डेवलेप होनी चाहिए। यह सिविक सेंस तो 15 अगस्त के बाद से ही होनी चाहिए थी, लेकिन दुर्भाग्य है कि हमने वोटर सेंस तो डेवलेप की, लेकिन हमने इस देश में कभी

सिविक सेंस डेवलेप नहीं की। कोई कहता है कि आप हमें वोट दीजिए, हम आपको पांच ग्राम सोना देंगे। कोई कहता है कि हम रंगीन टेलीविजन देंगे, आप हमें वोट दीजिए। अगर आप सिविक सेंस डेवलेप करते, तो शायद यह बातें नहीं होतीं। आपने 60 वर्षों में सिर्फ वोटर सेंस डेवलेप की है और वोटर सेंस के नाते ये झुग्गियां बढ़ रही हैं, क्योंकि आप वोटर को लोभ से जोड़ते हैं, राष्ट्र से नहीं जोड़ते हैं। आप अपने लोगों से विचार कर लीजिए। आप अपने नारों और घोषाणओं के कारण उन्हें मंत्रमुग्ध करते हो और धोखा देते हो। इसलिए मुझे लगता है कि लगातार जो यह क्रम चला है, यह भारत के लिए नहीं, हम सबके लिए है। हवाई जहाज से कोई विदेशी उतरकर क्या देखता है? सांताक्रुज का स्लम्स देखता है। सबसे पहले देखता है, वह कैसे रहेगा? उसके मन में वही एक भाव आता है कि भारत एक गरीब देश है। उसके मन में भारत के प्रति भाव नहीं होता है। आप कहते हैं कि हम इक्कीसवीं सदी में चले जाएंगे, हम यह बनाएंगे, हम सुपरसोनिक हो रहे हैं। आपको कहने से कौन रोकता है, लेकिन इसकी असलियत क्या है? आप इन 17 करोड़ परिवारों में झांककर देखिए, अपने सभी मंत्रियों को भेजिए, हम सभी सांसदों का नैतिक कर्तव्य है, मैं यह बात पार्टी से ऊपर उठकर कह रहा हूं, उनकी जिंदगी देखिए - कोई स्वास्थ्य के अभाव में मर जाता है, कोई दवाई के अभाव में मर जाता है, उनके पास कुछ व्यवस्था नहीं है, वे रोटी नहीं खा पाते हैं, उन लोगों की चावल की माढ़ी पीकर अपने बच्चों को पालने की स्थिति है। यह आपका आवास मंत्रालय है, आपकी गरीबी है, आप इसको देख सकती हैं। आज 52,000 मलिन बस्तियां हैं। अगर इन मलिन बस्तियों का नाम आपसे पूछें, आपके प्रतिनिधि को पता होगा, आपके कॉर्पोरेटर को पता होगा, लेकिन क्या स्थिति है? अगर बिजली का बिल नहीं भरा तो लाइन कट गई। अब पूछिए कि बिजली लगी कैसे? वहां पर बिजली कैसे लगी? गलत तार, गलत लाइन कोई व्यवस्था ही नहीं है। वहां पर दादागिरी चलती है। वहीं से बहुत सारे गुण्डे पैदा होते हैं। मैं आपसे कहता हूं कि अगरआप उनको नरकीय जिंदगी से बाहर निकालेंगे, तो शायद वे सभ्रांत नागरिक बनेंगे, लेकिन होता यह कि गरीबी उन्हें चोर बनाती है, गरीबी उन्हें उचक्का बनाती है, गरीबी उन्हें चेन खींचने वाला बनाती है, गरीबी उन्हें लुटेरा बनाती है और इसके लिए कहीं न कहीं हम सभी लोग जिम्मेदार हो जाते हैं, खास कर के जब आप पर जिम्मेदारी है, आपकी सरकार है, तो मैं यह सिर्फ बुराई करने के लिए नहीं कह रहा हूं, मैं तो आपको सारी स्थिति बता रहा हूं कि आपकी गरीबी की क्या स्थिति है। आप कौन-कौन सी योजनाएं चला रही हैं? आप मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में क्या दे रही हैं? मैं आपको बताना चाहता हूं कि आपकी योजनाओं की क्या स्थिति है। "जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन" के तहत अनुमोदित परियोजनाओं में जो केंद्रीय राशि अनुमोदित की गई थी, उसे चार किस्तों में स्वीकृत किया गया था। प्रत्येक किस्त में पच्चीस फीसदी अंश देना था। यह प्रत्येक सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में देना था, लेकिन सरकार कितनी गंभीर है, इसका खुलासा केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री द्वारा 25 फरवरी, 2010 को राज्य सभा के एक प्रश्न में दिए गए उत्तर से होता है। मंत्रालय ने प्रश्न के जवाब में इस बात का खुलासा किया है कि "जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन" के तहत अनुमोदित परियोनाओं हेतु जो अंश या राशि अनुमोदित की गई थी, उसमें केवल प्रथम किस्त में सभी राज्यों हेतु राशि स्वीकृत की गई है। इसमें केवल कुछ राज्यों हेतु राशि एक दो किस्तों में दी गई है। वे दो राज्य कौन से हैं? आंध्र प्रदेश और गुजरात में केवल चार किस्तों में राशि स्वीकृत हुई है, लेकिन इन दोनों राज्यों को कुल अनुमोदित केंद्रीय राशि और अब तक स्वीकृत चार किस्तों में काफी अंतर है। आंध्र प्रदेश को 1,497.42 करोड़ रुपए की केंद्रीय राशि अनुमोदित हुई, परंतु चार किस्तों में राशि अनुमोदित होने के बावजूद उनको मात्र 673.92 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। जहां तक गुजरात राज्य का प्रश्न है, गुजरात को 691.74 करोड़ रुपए की राशि अनुमोदित

की गई थी और उन्हें चार किस्तों में 402.02 करोड़ रुपए दिए गए। यह "जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन" की आपकी रिपोर्ट की कहानी है। मध्य प्रदेश को कुल 344.20 करोड़ की केंद्रीय राशि अनुमोदित की गई थी और अब तक तीन किस्तों में, जो राशि स्वीकृत की गई है, वह 117.29 करोड़ रुपए है। हम यह बताना चाहते हैं कि आपने छत्तीसगढ़ के साथ भी बहुत भेदभाव का व्यवहार किया है। छत्तीसगढ़ राज्य को इस परियोजना हेतु कुल 335.23 करोड़ केंद्रीय राशि अनुमोदित की गई थी, परंतु राज्य को अभी तक केवल एक किस्त स्वीकृत की गई है, उसे 83.80 करोड़ की राशि दी गई है। आप राज्यों के साथ कितना भेदभाव करते हैं। हम संघीय प्रणाली में जीते हैं, यहां फेडरल सिस्टम है और इसमें कहीं पर भी, किसी भी पार्टी की सरकार हो सकती है, लेकिन ये आपके आंकड़े हैं, आपके मंत्रालय के आंकड़े हैं और ये बताते हैं कि जहां पर आपकी सरकार नहीं है, वहां पर आप कैसा भेदभाव करती हैं। एक ही आवास एवं विकास कार्यक्रम के संदर्भ में मंत्रालय ने आश्चर्यजनक खुलासा किया है। इस परियोजना हेतु जो केंद्रीय राशि अनुमोदित की गई है, उसे दो किस्तों में स्वीकृत किया जाना था, प्रत्येक किस्त में पचास फीसदी पैसे देने थे, लेकिन अभी तक केवल सात राज्यों को दो किस्तों में राशि स्वीकृत की गई है, शेष राज्यों को अभी एक किस्त दी गई है। यह आपके स्वयं के प्रति आपके मंत्रालय का कैसा रुझान है, यह आपके आंकड़े ही कह रहे हैं। मध्य प्रदेश ...(**व्यवधान**)...

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (कुमारी शैलजा) : राज्य काम करें और पैसा ले लें। मैं जवाब तो दूंगी, लेकिन जहां तक यह छोटी सी बात है, मैं शॉर्ट प्वाइंट पर कहना चाहूंगी कि हम इंतजार करते हैं कि राज्य सरकारें पैसा खर्च करें। यह एक ऐसा मंत्रालय है, जो राज्यों के पीछे भागता है कि आप हमसे पैसा लीजिए। वे यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट दें, हमसे पैसा लें, हम पैसा देने के लिए तैयार हैं। In Andhra Pradesh, there is Congress Government and in Gujarat, there is BJP Government. यहां भेदभाव नज़र नहीं आ रहा है ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रभात झा : मैं यह कह रहा हूं कि ये आपके आंकड़े हैं। आप पैसा क्यों नहीं दे रही हैं, वे क्यों नहीं ले रहे हैं, यह आप जानें, मैंने तो मंत्रालय के कार्यक्रम पर चर्चा की है। आपने बहुत साफ कहा है। आप उनके पीछे लगे रहिए, यह आपकी duty है। लेकिन आपको उनसे certificate लेना है, आप सबसे certificate लेती हैं, क्या आपने आन्ध्र प्रदेश से certificate लिया है? मध्य प्रदेश के एकीकृत आवास एवं श्रम विकास कार्यक्रम के तहत कुल 192 करोड़ रुपए की केन्द्रीय राशि अनुमोदित की गई थी, परन्तु दो किश्तों में केन्द्रीय राशि की स्वीकृति दी गई। सर, मैं एक मिनट में समाप्त कर रहा हूं। देखिए, गरीबों को सपना दिखाना बहुत आसान काम होता है। अगर यह हम पर और आप पर बीती होती और यह नारकीय जीवन हम और आप जीते, तो शायद समझते कि गरीबी क्या होती है और आवास के बिना जीने वाले लोगों की स्थिति क्या होती है।

मैं दो लाइनें कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा और कहूंगा कि ठीक करिए, अच्छा करिए।

"महल बनाने वाले अक्सर फुटपाथों पर सोते देखे"

-- और जो आप कह रही हैं कि रिपोर्ट दें और पैसा लें --

"सत्य कथाओं के पन्नों पर सारे किस्से झूठे देखे।"

आपके सारे किस्से असत्य हैं, आप चाहे जितनी बातें कर लें, चाहे जितने आंकड़े प्रस्तुत कर लें। धन्यवाद।

SHRI K.N. BALAGOPAL (Kerala): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir, for giving me this opportunity to speak in this august House. This is the first time that I am speaking in this House and being my maiden speech, I hope, the much experienced stalwarts who are sitting here and hearing me will pardon me or forgive me for the mistakes that I may make in my speech due to my inexperience.

Sir, the subject of urban poverty alleviation and housing, which we are debating today, is a very important subject. A discussion on housing as well as poverty alleviation gives us a good opportunity to speak and go into the details of the callous attitude which the Central Government is having towards the common people of this country.

Sir, urbanization, as other speakers have already spoken, is a very serious situation at present and if you look into the UNDP report of 2009, the focal area of discussion in that report was urbanization. The focal subject is 'Overcoming Barriers - Human Mobility and Development.' In that report, it has been said that every year more than 5 million people are going to the developed countries for employment and the Report says that in the developing or developed countries, this urbanization number and its percentage is quite high. In the replies which have been given in the Parliament itself, it has been said that the urbanization in the country is also alarmingly going up and now 27.8 per cent of the population is living in urban areas; and by 2050, 45 per cent of the population will be in the urban areas. If you numerically look into this matter, in 2011, it will be 32 crores and in 2021, it will be 53 crores. Sir, the hon. Minister, Kumari Selja, has replied in her statement in the Lok Sabha that a Technical Group Study assessed that by the end of the 10th Five Year Plan, there will be a shortage of 24.7 million houses in the urban area. It means, this shortage will only be in the urban areas. It shows that there is a huge shortage in the country which is to be tackled. Report on the Urban Development Ministry says that under JNNURM scheme, near about 1.09 million houses are sanctioned which will be completed in the next 5 to 7 years. Sir, it will not meet even 10 per cent of the necessity. It is less than even 5 per cent of the necessity. If we will go at this speed, I think, it will take, at least, 100 years to provide housing in the urban areas. This is the situation only in regard to the urban housing. We are not looking into the situation that is prevailing in the rural housing. So, the situation is very serious in the urban sector. Sir, we have a lot of

programmes under JNNURM, BSUP, IHSDP, RAY, etc. Many Schemes are there. But in the given situation, the problem of housing is not addressed well. The Planning Commission has also made an observation in this regard. A Planning Commission Member is also here as a new nominated Member of the Rajya Sabha.

